11

मिलकर पढ़िए

भुट्टे

नीना के नाना बाज़ार गए। नाना खूब सारे भुट्टे लाए।



नाना ने नीना के लिए भुट्टे भूने।

नीना ने जी भरकर भुट्टे खाए।

Reprint 2026-27

नीना की नानी ने भुट्टे उबाले।



नाना और नानी ने जी
भरकर भुट्टे खाए।



नीना ने फिर क्या किया?
आगे की कहानी बनाइए और
अपनी भाषा में सुनाइए।

शिक्षण-संकेत – बच्चों के साथ कहानी पर चर्चा करें, जैसे– नानीजी ने भुट्टे क्यों उबाले होंगे? नानाजी के थैलों में कितने भुट्टे होंगे? भुट्टे भूनते समय नीना क्या देख रही होगी? अगर कहानी में नीना का भाई और बहन भी होते, तो क्या होता आदि? बच्चों से कहें कि वे कहानी में भुट्टे की जगह मटर रखकर अपनी कहानी बनाएँ और कक्षा में सुनाएँ।

© NCERT not to be republished

प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. इस कहानी में कौन-कौन है? .....
2. नीना के नाना बाज़ार से क्या लाए? .....
3. तालिका में दी गई बातों के विषय में बताइए और कुछ वस्तुओं के नाम लिखने का प्रयास कीजिए –

आप किन-किन वस्तुओं को भूनकर खाते हैं?	आप किन-किन वस्तुओं को उबालकर खाते हैं?
कौन-कौन सी वस्तुएँ तलकर खाई जाती हैं?	कौन-कौन सी वस्तुएँ कच्ची खाई जाती हैं?

नीचे दिए गए शब्दों में 'उ'(ु) या 'ऊ'(ू) की मात्रा लगाकर सही शब्द लिखिए –



गेंहँ



भाल



कल्फ़ी



दध



आल



भट्टा

© NCERT not to be republished